NOT ME BUT YOU
राष्ट्रीय सेवा योजना
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज-211 002
मोबाइल : 9415613194 ● ई-मेल : nssuoa@gmail.com

पत्रांक : 479/रा.से.यो./2021 दिनांक : 26.08.2021

सेवा में,

अध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक
समस्त–विभाग / संस्थान / केन्द्र
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रयागराज।

विषय : राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के परिसर इकाई में अंशकालिक कार्यक्रम अधिकारी के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु सूचना प्रसारण के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

निवेदन है कि निम्नलिखित सूचना अपने विभाग / संस्थान / केन्द्र के सूचना पट्ट पर चस्पा कराने का कष्ट करें, जिससे राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के परिसर इकाई में रिक्त होने वाले अंशकालिक कार्यक्रम अधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक शिक्षकों से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सके तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्‌देश्यों की पूर्ति की जा सके:–

राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के परिसर इकाई में 10 अंशकालिक कार्य कार्यक्रम अधिकारी पदों पर नियुक्ति हेतु इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विभागों / संस्थानों / केन्द्रों में कार्यरत शिक्षकों से आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अधीन संचालित सभी कार्य शासकीय कार्य की श्रेणी में आते हैं जिसके लिए किसी अवकाश की आवश्यकता नही होती है। कार्यक्रम अधिकारियों को मासिक भत्ता तथा अन्य सुविधायें प्रदान की जाती है तथा उत्कृष्ठ कार्य करने पर 01 वर्ष तक सेवा विस्तार किया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना का विस्तृत विवरण https://nss.gov.in/ की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अतः सामाजिक कार्यों में अभिरूचि रखने वाले इच्छुक सम्मानित शिक्षकों से अनुरोध है कि अंशकालिक कार्यक्रम अधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 10.09.2021 तक कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कार्यालय में अनुरोध पत्र जमा करने का कष्ट करें।

सादर,

भवदीय
(डॉ० राजेश कुमार गर्ग)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपि :

1. **सम्मान्य डॉ० आशीष खरे जी,** प्रभारी, आई.सी.टी. सेल इलाहाबाद विश्वविद्यालय को **इस आशय के साथ कि** सम्बन्धित सूचना इलाहाबाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित कराने की कृपा करें।
2. कुलपति के निजी सचिव को माननीय कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. कुलसचिव, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वित्त अधिकारी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय– कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक